हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

शनिवार, 21 नवम्बर, 2026/30, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 4

रोगी कल्याण समिति

***4055 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक प्रदेश के सभी आयुर्विज्ञान महाविद्यालयों में कार्यरत रोगी कल्याण समिति को विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं से कितनी शुद्ध आय प्राप्त हुई है; ब्यौरा आयुर्विज्ञान महाविद्यालयवार दें; और

(ख) इस अवधि में रोगी कल्याण समिति को प्राप्त आय में से कितनी धनराशि व्यय की गई तथा यह धनराशि किन-किन मदों एवं कार्यक्रमों पर व्यय की गई; ब्यौरा मदवार दें?

इलैक्ट्रिक बसें

*4743 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**
श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर) :
श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :
श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :
श्री संजय अवस्थी (अर्की) :

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक एच0आर0टी0सी0 द्वारा खरीदी गई नई एवं इलैक्ट्रिक बसों की वर्षवार संख्या, व्यय, डिपोवार वितरण तथा संचालित रूटों का ब्यौरा दें;

(ख) वर्तमान में प्रदेश में एच0आर0टी0सी0 के कितने डिपो/उप-डिपो कार्यरत हैं तथा साधारण, सेमी-डीलक्स, डीलक्स, सुपर-डीलक्स, वॉल्वो एवं इलैक्ट्रिक बसों की श्रेणीवार संख्या कितनी है; इनमें से कितनी संचालित, मरम्मताधीन एवं ऑफ-रोड हैं; डिपोवार ब्यौरा दें;

(ग) इलैक्ट्रिक बसों हेतु स्थापित चार्जिंग स्टेशनों एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का स्थान/डिपोवार संख्या तथा उन पर हुए व्यय का ब्यौरा दें;

(घ) इस अवधि में इलैक्ट्रिक बसों के रख-रखाव एवं बैटरी प्रतिस्थापन पर वर्षवार/ डिपोवार व्यय तथा डीजल बसों की तुलना में प्रति किलोमीटर संचालन लागत, राजस्व एवं आर्थिक लाभ का तुलनात्मक ब्यौरा दें; और

(ङ) मार्च, 2023 से मार्च, 2026 तक कितने नए बस रूट शुरू एवं कितने बंद किए गए; बंद बस रूट कब तक बहाल कर दिए जाएंगे?

सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी

*4747 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :**
श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला) :
डॉ0 जनक राज (भरमौर) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने दिनांक 07.04.2026 को सभी विभागों, बोर्डों, निगमों,

विश्वविद्यालयों, मेडिकल कॉलेजों एवं स्वायत्त संस्थाओं को सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवा-विस्तार, पुनर्नियोजन अथवा पुनर्नियुक्ति न देने के निर्देश जारी किए थे; यदि हां, तो आदेश की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) उपरोक्त आदेश जारी होने के बाद कितने सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को विभागों/संस्थाओं द्वारा सेवा-विस्तार, पुनर्नियोजन, पुनर्नियुक्ति, अनुबंध, सलाहकार, आउटसोर्स व मानदेय अथवा अन्य माध्यम से पुनः नियोजित किया गया है; विभाग/संस्था एवं नाम, पदनाम, नियुक्ति माध्यम/एजेंसी, अवधि एवं अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें;

(ग) क्या इन आदेशों के बाद की गई ऐसी नियुक्तियों का सरकार द्वारा अनुपालन परीक्षण/समीक्षा अथवा ऑडिट किया गया है; यदि हां, तो निष्कर्ष सहित ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण; और

(घ) क्या सरकार इन नियुक्तियों को दिनांक 07.04.2026 के आदेश के अनुरूप मानती है; यदि हां, तो इनका विधिक एवं प्रशासनिक आधार क्या है?

सर्वोच्च न्यायालय में मामले

*4748 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी) :**
श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार) :

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश सरकार के पक्ष/विपक्ष में सर्वोच्च न्यायालय में दायर मामलों की विभागवार, एवं विषयवार कुल संख्या तथा प्रत्येक मामले का ब्यौरा; केस नंबर, पक्षकारों के नाम एवं अद्यतन स्थिति सहित दें;

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा इन मामलों में नियुक्त अधिवक्ताओं के नाम तथा उन्हें किए गए भुगतान का मामलेवार/वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) इनमें से कितने मामलों में निर्णय सरकार के पक्ष एवं विपक्ष में हुआ तथा विपक्ष में निर्णय वाले मामलों से प्रदेश पर कितना वित्तीय बोझ पड़ा; मामलेवार ब्यौरा दें;

(घ) सरकार के पक्ष में हुए मामलों से कितना राजस्व प्राप्त हुआ तथा प्रत्येक मामले की प्राप्त राशि एवं कोषागार में जमा करने की तिथि सहित ब्यौरा दें; और

(ङ) इस अवधि में सरकार द्वारा नियुक्त निजी अधिवक्ताओं को कितनी धनराशि का भुगतान किया गया; वर्षवार एवं विभागवार ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
17 नवम्बर, 2026. **सचिव**